Navbharat times 10-2-2016

महाराष्ट्र की पहली लैब

संवाददाता

पुणे. एनबीएन सिंहगढ़ स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग कॉलेज में मंगलवार को फ्री ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर (एफओएसएस) लैब का उद्घाटन किया गया. जो महाराष्ट्र में एक मात्र है. कॉलेज में आईआईटी बॉम्बे के सहयोग से एफओएसएस का उपक्रम चलाया जाएगा. इस मौके पर सिंहगढ़ ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट रचना नवले-अष्टेकर, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. श्रीराम मार्कंडे, आईआईटी बॉम्बे स्पोकन ट्यूटोरियल टीम के स्वप्नील मोरे, विद्या कदम, स्वप्नाली कदम, स्वाति डोंगरादिवे, प्रीति नायडू, सिंहगढ़ इन्स्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग और एमसीए के सभी कॉलेज के प्राचार्य उपस्थित थे.



उन्होंने कहा कि इसका ट्रेनिंग लेने के बाद विद्यार्थियों को सरकारी और निजी क्षेत्र में नौकरी के अवसर उपलब्ध है. अभी तक देशभर में 10 लाख विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया गया है. इस उपक्रम में महाराष्ट्र में सबसे अधिक विद्यार्थी सिंहगढ़ इन्स्टिट्यूट से शामिल होते है.

स्वप्नील मोरे ने कहा कि यह लैब ओपन सॉफ्टवेयर प्रोग्राम के लिए डेडिकेटेड है. जो महाराष्ट्र की पहली लैब है. ओपन सॉफ्टवेयर में गोपनीय जानकारी, सरकारी दस्तावेज हैक होने का खतरा कम रहता है. सेना संबंधी जानकारी सुरक्षित रखने के लिए यह महत्वपूर्ण है. प्रधानमंत्री कार्यालय और सेना के कार्यालयों में ओपन सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जाता है. यह सॉफ्टवेयर केवल इंजीनियरिंग के छात्रों को ही नहीं, सभी विद्याशाखा के विद्यार्थियों के लिए उपयोगी है.

सभी को आईटी स्कील्स से उपयोग होता है. बेसिक से लेकर उच्चस्तर के रिसर्च तक के आईटी नॉलेज का यह प्रोग्राम है. इस प्रोग्राम के लिए सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय, एमएसबीटीई, डीटीई के साथ टाईअप हुआ है. यह प्रोग्राम सेल्फ लर्नर प्रोग्राम है. इसके लिए किसी पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है. इसकी जानकारी विद्यार्थियों देना उपक्रम का उद्देश है.

- स्वप्नील मोरे,
आईआईटी बॉम्बे स्पोकन ट्यूटोरियल, नेशनल स्कूल को-ऑर्डिनेटर